आज समाज 18/02/2025

जीएमएन कॉलेज में बिजनेस शार्क कॉन्टेस्ट के तहत विस्तार व्याख्यान का हुआ सफल आयोजन

आज समाज नेटवर्क

मुख्यवक्ता के साथ स्टाफ व स्टूडेंटस।

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के बीसीए, बीबीए और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिट बुल्स आई द्वारा बिजनेस शार्क कॉन्टेस्ट के अंतर्गत एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिट बुल्स आई के ब्रांच हेड शिवानी और दीपिका मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त द्वारा किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया और अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में नौकरी के बेहतर अवसर प्राप्त करने के लिए छात्रों को इस तरह के व्यावहारिक ज्ञान और प्रतियोगिताओं में भाग लेना आवश्यक है। इस कार्यक्रम को दो सत्रों में विभाजित किया गया था। पहले सत्र में शिवानी और दीपिका ने छात्रों को बिजनेस शार्क कॉन्टेस्ट की संकल्पना से परिचित कराया और उद्योग जगत में आवश्यक व्यावसायिक रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने छात्रों को नवाचार, नेतृत्व कौशल और व्यावसायिक अवसरों के बारे में जानकारी दी। दूसरे सत्र में, वक्ताओं ने छात्रों से विभिन्न व्यावसायिक और सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे। सही उत्तर देने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे छात्रों का उत्साहवर्धन हुआ। इस सत्र में इंटरएक्टिव डिस्कशन भी हुआ, जहां छात्रों ने अपने सवाल पूछे और उद्योग से जुड़े बहुमूल्य सुझाव प्राप्त किए। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ भारती विज द्वारा प्रेषित किया गया। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान देते हैं, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए भी तैयार करते हैं। इस कार्यक्रम में कुल 120 छात्रों ने भाग लिया ।